# जो कुछ भी होगा अच्छा ही होगा | By Kumar Deepak

तुझे अपने बाबा पे भरोसा जो होगा
तुझे अपने ठाकुर पे भरोसा जो होगा
जो कुछ भी होगा अच्छा ही होगा ....2

कांटे मिले तो शिकायत ना करना
उसकी कृपा के इशारे समझना
बिगड़ी वो तेरी बनाता ही होगा
जो कुछ भी होगा अच्छा ही होगा ....2

ढूंढेगा जो तू तुझे ना दिखेगा
आस पास है वो एहसास होगा
अँधेरे में दीपक जलाता वो होगा
जो कुछ भी होगा अच्छा ही होगा ....२

इतना समझ ले कदम दो बढ़ा ले
तेरे साथ है वो मन में बिठा ले
मन में वो बैठा बुलाता ही होगा
जो कुछ भी होगा अच्छा ही होगा ....२

विधि का विधान कोई बदलने ना पाए
सांवरा जो संग है तो क्यूँ घबराये
उजड़ा चमन फिर से सजाता वो होगा
जो कुछ भी होगा अच्छा ही होगा ....२

सहारा तुझे फिर उन्ही से मिलेगा
उनके सिवा तेरी कोई ना सुनेगा
सिर पे वो हाथ तेरे फिराता ही होगा
जो कुछ भी होगा अच्छा ही होगा ....२

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a5%8b-%e0%a4%95%e0%a5%81%e0%a4%9b-%e0%a4%ad%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%85%e0%a4%9a%e0%a5%8d%e0%a4%9b%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%8b%e0%a4%97/